सपना तो है सिर्फ सपना 39



सपने हमारी नींद का एक प्रमुख हिस्सा हैं। इन पर अनुसंधानों का सिलसिला भी लंबे समय से चल रहा है। 'रेम-नींद' की खोज के बाद तो सपनों को लेकर हो रहे शोधों में खासी तेज़ी आ गई है। इसी के साथ लग रहा है कि फ्रायड के लंबे समय तक स्थापित सिद्धांत भी धराशाई होने वाले हैं। वैसे, शायद स्पष्ट रूप से अभी हम सपनों के बारे में बहुत कुछ कह नहीं सकते – लेकिन यह तो लगभग तय है कि सपना सिर्फ सपना है – उसकी व्याख्या नहीं की जा सकती, सपनों को लेकर चल रही खोजों की दिशाओं पर शोधपरक चर्चा।

.. ये मुसाफिर दुनिया के 61



प्रवासी पक्षियों का एक खास-मौसम में आना और फिर चले जाना तो हम सुनते, देखते हैं। लेकिन यह आदत सिर्फ पक्षियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि कई जानवर, तितलियां, मछली आदि भी प्रवास के लिए हज़ारों किलोमीटर का सफर करते हैं। कुछ के लिए तो यह सफर जीवन का अंत होता है। जंतुओं के प्रवास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी।

सू आदिवासी और अमेरिकी विद्यालय 87

बाहर से आए गोरों ने अमेरिका में करीब सवा सौ साल पहले वहां के मूल बाशिंदे 'सू' आदिवासियों को उनकी ज़मीन से ज़बरदस्ती विस्थापित कर एक छोटे से क्षेत्र 'पाइन रिज' में रहने को मजबूर कर दिया था। कभी अपने शौर्य और वीरता के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध 'सू' अब मोहताज थे गोरों द्वारा दिए जाने वाले राशन पर। इतना लंबा समय गुज़र जाने के बाद भी आज तक इस घटना का उनके बच्चों पर गहरा असर दिखता है – अपने स्तर पर विरोध करने का एक तरीका उन्होंने ढूंढा,स्कूल में होने वाली पढ़ाई में रुचि न लेकर। शिक्षा से जुड़े कई मुद्दों के साथ इस पूरी घटना का विश्लेषण – एक शोध के आधार पर।

इस अंक में

आपने लिखा 2
प्रतिरक्षा कोशिका: स्वयं को नहीं 4
गूलर के फूल क्यों नहीं खिलते 6
स्कूल की मार 11
सवालीराम: घोड़ा लेटता है 18
सूर्य ग्रहण एक रिपोर्ट 23
पूर्व समझ जानना ज़रूरी 34
सपना तो है सिर्फ सपना 39
मंगल ग्रह के वासी और सपनों 48
आलू, वनस्पति विज्ञान की नज़र 55
.. ये मुसाफिर दुनिया के 61
ज़रा सिर तो खुजलाइए 73
चूहे 75
सू आदिवासी और अमेरिकी 87